समाचार

कंवर समाज के सामुदायिक भवन में निर्मित किचन शेड व विकास कार्य का लोकार्पण किया महापौर ने

कोरबा 22 दिसम्बर 2024 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 33 रामपुर में स्थित कंवर समाज के सामुदायिक भवन में अभी हाल ही में बनाए गए किशन शेड, पेवर ब्लाक व सी.सी. रोड का लोकार्पण किया। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी. सदस्य संतोष राठौर व पालूराम साहू के साथ–साथ समाज के लोग उपस्थित थे।

वार्ड क्र. 33 रामपुर बस्ती में स्थित कंवर समाज के सामुदायिक भवन में महापौर मद से 10 लाख रूपये की लागत से किचन शेड, पेवर ब्लाक लगाने का कार्य व सी.सी. रोड का निर्माण किया गया है। रविवार को महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त विकास कार्य का लोकार्पण किया। उन्होने फीता काटकर किचन शेड व अन्य विकास कार्यो को जनता की सेवा में समर्पित किया। महापौर श्री प्रसाद ने समाज के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किचन शेड बनने से सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान भोजन आदि बनझने के लिए सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही पेवर ब्लाक व सी.सी. रोड बन जाने से भवन तक आने–जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर एस.एन. सिंह, रूपेन्द्र सिंह पैकरा, रतन सिंह पैकरा, रामेश्वर सिंह कंवर, भरत

सिंह, राजाराम, दिलेश्वर सिंह ठाकुर, महेश सिंह कंवर, लक्ष्मीनारायण कंवर, ममता कंवर, कौशिल्या बाई कंवर, देवशरण, अमर सिंह, सुख सिंह, गंगा सिंह कंवर, लीलादेवी, पूर्णिमा, सुमित्रा कंवर, कांती देवी, ललिता, सुनीता देवी, दयादेवी, रसवंती देवी, मीरा पैकरा, सविता, मालती देवी, चेतनदास उपस्थित थे।